कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, महासंघ निर्वाचन 2022–2023

अधिसूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के पत्रांक कंयू/मान्यता(छा०स०चु०)/2022/909 दिनांक 17–12–2022 के क्रम मे कुमाऊँ विश्वविद्यालय महासंघ सत्र 2022–2023 के निर्वाचन नामित/मनोनीत निर्वाचन अधिकारी के रूप मे प्रो० एच०सी०एस० बिष्ट, कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसरो एव सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रसंघ संविधान मे प्रदत्त शक्तियों एव अधिकारो के सुसगत प्रावधानो का प्रयोग करते हुए आज दिनांक 23–12–2022 को कुमाऊँ विश्वविद्यालय महासंघ के निर्वाचन की अधिसूचना की घोषणा करता/करती हूँ। जिसका विवरण निम्नवत् है –

विश्वविद्यालय महासंघ पाधिकारियों के निम्नलिखित पद होंगे :–

अध्यक्ष – एक

उपाध्यक्ष – दो (एक छात्र और एक छात्रा)

सचिव – एक

सयुक्त सचिव – एक

कोषाध्यक्ष – एक

विश्वविद्यालय के परिसरों/महाविद्यालयों से निर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, विश्वविद्यालय महासंघ का निर्वाचक मण्डल होता है। इसी निर्वाचक मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय महासंघ के पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। इस निर्वाचन में केवल निर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि (सत्र 2022–2023) ही मतदान के लिए प्रतिभाग करेंगे। कुमाऊँ विश्वविद्यालय, महासंघ के विभिन्न पदाधिकारियों के लिए विश्वविद्यालय प्रतिनिधि ही उम्मीदवार के रूप में अर्ह होंगे। प्रत्येक पद हेतु प्रस्तावक एवं अनुमोदक भी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् संस्थागत विद्यार्थी ही होंगे। एक बार पदाधिकारी के रूप में अथवा दो बार कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में चुनाव लड चुका अभ्यर्थी महासंघ के पदाधिकारी का चुनाव लडने हेतु योग्य नहीं होगा। विश्वविद्यालय छात्र संविधान तथा यह अधिसूचना कुमाऊँ विश्वविद्यालय की वेब साइड www.kunainital.ac.in में भी उपलब्ध है। प्रत्येक

पद हेतु छात्रसंघ संविधान अनुच्छेद 05 में उल्लिखित अर्हताओं को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक पद हेतु वही विद्यार्थी अर्ह होंगे, जिन्होंने लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुपालन में आज से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर/महाविद्यालय में छात्रसंघ/विश्वविद्यालय परिसर (महासंघ) में किसी भी पदाधिकारी के रूप में चुनाव न लड़ा हो। प्रत्याशी के रूप में समस्त अर्हताऐं पूर्ण करने तथा पूर्व में कोई भी चुनाव पदाधिकारी के पद के लिए नहीं लड़ने का प्रमाण परिसर/महाविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण/प्राचार्य द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र को भी प्रस्तुत करना होगा। प्रस्तावक तथा अनुमोदक केवल एक ही पद के लिए प्रत्याशी का प्रस्ताव एवं अनुमोदन करेंगे।

1. नामांकन शुल्क तथा जमानत धनराशि छात्रसंघ संविधान मे समय–समय पर यथा संशोधित रूप में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार ही लिया जायेगा।
2. चुनाव स्थल हर्मिटेज भवन, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल होगा।
3. चुनाव कार्यक्रम निम्नवत् है :–

क्र0सं0	कार्यक्रम	दिनांक एवं समय
1.	नामांकन प्रपत्रों की बिक्री	26–12–2022 (सोमवार) 10:00 बजे से 11:00 बजे
	नामांकन	26–12–2022 (सोमवार) 11:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक
	नामांकन पत्रों की जांच	26–12–2022 (सोमवार) 12:00 से 1:00 बजे तक
	नाम वापसी	26–12–2022 (सोमवार) 1:15 से 2:00 बजे तक
2.	मतदान,	27–12–2022 (मंगलवार) 10:00 बजे से 12:00 बजे
	मतगणना, चुनाव परिणाम एवं शपथ ग्रहण	मतदान के उपरान्त

प्रो0(एल0एम0 जोशी) परिसर निदेशक

प्रो0(एल0एस0 लोधियाल) अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रो0(नीता बोरा शर्मा) कुलानुशासक

प्रो0(एच0सी0एस0 बिष्ट) चुनाव अधिकारी छात्र महासंघ चुनाव–2022–2023

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।